प्रेस-विज्ञप्ति **12 जून, 2019**

आज दिनांक 12 जून, 2019 को सायं 07:00 बजे से मर्चेंट्स चैम्बर के पूर्व चीफ पैट्रन स्व. डॉ० गौर हरी जी सिंहानिया के जन्मदिवस के अवसर पर सर पदमपत सिंघानिया सभागार, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक कार्यक्रम "भूले-बिसरे गीत" का आयोजन किया गया।

डॉ. सिंघानिया जी ने अपने जीवन-काल में अनेकों विद्यालय, संस्थानों तथा अस्पतालों की स्थापना किया एवं इसके साथ ही साथ स्व. डॉ. सिंघानिया जी की सास्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलों को बढावा देने में अत्यधिक योगदान दिया। डॉ० गौर हरी सिंहानिया का कानपुर वासियों तथा कानपुर से अथाह प्रेम था। अपने जीवन काल में वे कानपुर को प्रदेश व् देश में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की दिशा में कार्यरत रहे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री बी.एम.गर्ग, डॉ. आर.जी. बागला, डॉ. आई. एम. रोहतगी, श्री मुकुल टंडन, श्री विजय पाण्डे, श्री अनिल अग्रवाल, श्री राजीव किशोर भरतीया, श्री महेंद्र नाथ मोदी, सचिव मर्चेंट्स चैम्बर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया और स्व. डॉ० गौर हरी जी सिंहानिया के चित्र पर माल्यार्पण किया।

मर्चेंट्स चैम्बर के अध्यक्ष श्री बी.एम.गर्ग ने आये हुए समस्त अतिथियों, पारिवारिक सदस्यों एवं मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हए कहा कि यह संस्कृतिक कार्यक्रम डॉ. गौर जी हरी सिंघानिया की वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित किया गया है। स्व. सिंघानिया जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक शरबत वितरण का आयोजन किया गया था व् सांझबेला में आप सबके लिए "भूले-बिसरे गीत" सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है आप सबसे अनुरोध है कृपया दशकों पहले पुराने प्रचलित गीतों का भाव-विभोर होकर आनन्द ले।

उक्त कार्यक्रम में कानपुर के निम्नलिखित नवोदित कलाकारों द्वारा दशकों पहले प्रचलित गीतों पर प्रस्तुति दी गयी, जिनको कु. कृति, कु. अनुष्का, इंदु ठाकुर, कु. अमिता, श्री रोहित, श्री दिलीप, श्री अरुण दास, श्री राम भाटिया, ने "तू जहां-जहां चलेगा, आपकी नजरों ने समझा, चाहे कोइ मुझे जंगली कहे, अजीब दांस्ता है ये, बइयाँ न धरो" जैसे अन्य दशकों पहले ख्याति-प्राप्त एवं सदैव गुनगुनाये जाने वाले गीतों को गाया।

डॉ. आई. एम. रोहतगी ने बैंजो पर "ये है बॉम्बे मेरी जां और जाने कहाँ मेरा जिगर गया जी" तथा डॉ. ए.एस. प्रसाद ने मैंडोलिन पर "थोड़ा रुक जायेगी और आँखों में क्या क़यामत.." पर वाद्य-यंत्रों द्वारा प्रस्तुति देकर श्रोताओ को मंत्र-मुग्ध किया।

श्री स्वतंत्र सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य :
श्री बी.के. श्रिया, , श्री बी.के.लाहोटी, श्री ललित खन्ना, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, , श्री बासु जैन, श्री टीकम चंद सेठिया, मर्चेंट्स चेम्बर के सदस्यगण तथा कानपुर के अन्य गणमान्य नागरिक सपरिवार उपस्थित हुए तथा भूले बिसरे गीतों का आनंद लिया।

सधन्यवाद

मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश